

# सम्मेलन में रिसर्चर्स ने साझा किए अनुभव

## 'रसायन विज्ञान में उभरते रुझान' पर चार दिनी आयोजन

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर में शुक्रवार से चार दिवसीय 'रसायन विज्ञान में उभरते रुझान' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य औषधि विक्रेता और जीव विज्ञानी को एक साथ लाना व अनुप्रयोग क्षेत्रों में हाल ही में किए गए शोध साझा करना था। आईआईटी निदेशक प्रो. प्रदीप माथुर ने संस्थान का परिचय देकर सम्मेलन का उद्घाटन किया।

वैज्ञानिक सम्मेलन के पहले दिन दो व्याख्यान और छह आमंत्रित व्याख्यान हुए, जिनमें दुनियाभर के विभिन्न वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रो. लुट्ज एफ टिट्ज (गौटिंगेन विश्वविद्यालय, जर्मनी), मिगुएल यस (एलिकांटे, स्पेन विश्वविद्यालय), प्रो. स्वेतलाना बी. त्सोगोवा (फ्रेडरिक अलेक्जेंडर विश्वविद्यालय, जर्मनी), प्रो. लॉरेंस हारवुड (रीडिंग विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम), डॉ. थॉमस कोलाकोट (मिलिपोर सिग्मा, यूएसए) के साथ प्रो. विशाल राय, प्रो. श्रीपद्म शास्त्री, प्रो. अरुमुगम मुथुवेल मुख्य वक्ता रहे। वक्ताओं के पास चिकित्सा, पॉलिमर, प्राकृतिक उत्पाद संश्लेषण, ऑर्गेनॉमेटिक्स, बायोमेट्रिक्स और चिकित्सा प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी के क्षेत्र में किए गए शोध थे, जो नवीन अवधारणाओं को विकसित करने के लिए पूर्ण थे। सम्मेलन में भारत के कई दवा कंपनियों के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न प्रतिष्ठित आईआईटी, आईआईएसईआर और सीएसआईआर प्रयोगशालाओं के शिक्षाविद् भी भाग ले रहे हैं।

Dabang Dunia, 13th July 2019, (DD2), Page No. 2